सं:1:05:138:II:सीएस

दिनांक :20 सितंबर, 2019

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-400 051	बंबई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25, पी. जे. टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400 001

<u>विषय: पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में निदेशक की नियुक्ति</u>

महोदया/ महोदय,

सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम 2015, के विनियम 30 के अनुसरण में, हम एतदद्वारा पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में निदशक की नियुक्ति निम्नानुसार रिपोर्ट करते है:-

श्री मृत्युंजय कुमार नारायण की निदेशक (सरकारी नामिती) के तौर पर नियुक्ति:

परिवर्तन का कारण	विद्युत मंत्रालय के दिनांक 28 अगस्त 2019 के पत्राचार सं. 8/1/2007-पीएफ़सी डेस्क के अनुसरण में, निदेशक मंडल ने दिनांक 20 सितंबर 2019 को आयोजित अपनी बैठक में श्री मृत्युंजय कुमार नारायण, संयुक्त सचिव, विद्युत मंत्रालय को दिनांक 28 अगस्त 2019 से कंपनी के निदेशक मंडल में सरकारी नामिती निदेशक नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति श्री अरुण कुमार वर्मा, संयुक्त सचिव, के स्थान पर की गई है जिन्हें दिनांक 13 अक्तूबर 2015 के कार्यालय आदेश द्वारा पीएफ़सी निदेशक मंडल में पूर्व नामित किया गया था।
नियुक्ति की तारीख	28 अगस्त, 2019
संक्षिप्त प्रोफाइल	श्री मृत्युंजय कुमार नारायण, वर्ष 1995 के उत्तर प्रदेश कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी, विद्युत मंत्रालय में संयुक्त सचिव है। इन्होंने भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक एवं एम.टेक किया है। इन्होंने किंग्स कॉलेज लंदन से सार्वजनिक नीति एवं प्रबंधन में एम.एससी की है और ये विधि (Law) स्नातक भी है। 24 वर्षों के लंबे करियर अवधि में, इन्हें उत्तर प्रदेश राज्य में विभिन्न पदों पर कार्य करने का अनुभव है। विद्युत मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत रहने से पहले, ये सवा दो वर्ष तक उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री के सचिव रह चुके है। इस पद पर रहकर इन्हें इस राज्य में संपूर्ण शासन का अनुभव मिला। इन्हें नीति प्रतिपादन और उसके कार्यान्वयन का काफी अनुभव है। ये दो वर्ष से अधिक की अवधि के लिए वाणिज्यिक कर एवं आतिथ्य कर के आयुक्त थे; ये विभाग राज्य के कर राजस्व के 60% से अधिक का

	योगदान करता है। प्रशासन की अग्रणी अवस्था में, इन्होंने उत्तर प्रदेश राज्य में उप-विभागीय मजिस्ट्रेट से लेकर मुख्य विकास अधिकारी से लेकर कलेक्टर से लेकर प्रभागीय आयुक्त तक लगभग हर क्षेत्र में पद संभाला है। इन्होंने लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसीज लिमिटेड एवं मेरठ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसीज लिमिटेड के निदेशक मंडल में निदेशक के तौर पर कार्य किया है। ये आरईसी लिमिटेड एवं पीटीसी इंडिया लिमिटेड के निदेशक मंडल में सरकारी नामिती निदेशक भी हैं।
निदेशकों के मध्य संबंध	शून्य

इसके अतिरिक्त, आपको यह भी सूचित करते है कि श्री मृत्युंजय कुमार नारायण द्वारा दी गई घोषणा के अनुसार, सेबी के किसी भी आदेश या किसी अन्य प्राधिकारी के आधार पर निदेशक के पद को धारण करने से वंचित नहीं किया जाता है।

सूचनार्थ एवं रिकॉर्ड हेतु प्रस्तुत।

धन्यवाद,

भवदीय,
कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(मनोहर बलवानी)
कंपनी सचिव
mb@pfcindia.com